लक्ष्य®

LAKSHYA

# हाई कोर्ट

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी

सीधी भर्ती परीक्षा

# 4001+

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न संग्रह

हिन्दी 50 अंक

अंग्रेजी 10 अंक

राजस्थानी संस्कृति एवं बोलियाँ 25 अंक

कांति जैन
डॉ. महावीर जैन

मनु प्रकाशन प्रा. लि.
जयपुर

# अनुक्रमणिका

## हिन्दी


- वर्णमाला ज्ञान ..... 1
- संज्ञा ..... 13
- सर्वनाम ..... 18
- विशेषण ..... 23
- क्रिया ..... 29
- तत्सम, तद्भव, विदेशी शब्द ..... 40
- समानार्थी शब्द ..... 50
- अनेकार्थक शब्द ..... 51
- विलोम शब्द ..... 59
- पर्यायवाची ..... 73
- वाक्यांश के लिए एक शब्द ..... 86
- समश्रुत भिन्नार्थक शब्द (शब्द-युग्म) ..... 95
- संधि एवं संधि-विच्छेद ..... 104
- समास एवं समास-विग्रह ..... 117
- उपसर्ग ..... 130
- प्रत्यय ..... 138
- शब्द शुद्धि ..... 147
- वाक्य शुद्धि ..... 157
- मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ ..... 167
- काल ..... 184-186


## अंग्रेजी


- Tense/Sequence of Tenses ..... 187
- Prepositions ..... 190
- Articles & Determiners ..... 193
- Active and Passive Voice ..... 197


Bookbaazi.in

- Narration : Direct and Indirect ........ 201
- Synonyms & Antonyms ........ 205
- One-Word Substitutions ........ 211
- Gender, Adjectives & Verb ........ 214
- Modals ........ 217
- Editing & Omissions, Arrangement of Sentences ........ 220
- Kinds of Sentences ........ 223
- Vocabulary ........ 225-226


## राजस्थानी संस्कृति एवं बोलियाँ


- राजस्थान : एक परिचय ........ 227
- राजस्थान में त्योहार ........ 231
- राजस्थान के मेले ........ 233
- लोक कला व हस्तकला ........ 236
- संगीत, नृत्य एवं नाट्य ........ 239
- सांस्कृतिक परम्परा व विरासत ........ 244
- संत एवं संप्रदाय ........ 246
- लोक देवी-देवता ........ 250
- वेशभूषा-आभूषण ........ 256
- राजस्थान की चित्रकला ........ 258
- राजस्थान में जनजाति ........ 263
- स्थापत्य कला ........ 266
- राजस्थान में पर्यटन ........ 269
- साहित्य व संगीत संस्थान ........ 274
- राजस्थान की भाषा ........ 276
- राजस्थान का साहित्य ........ 280
- राजस्थान के व्यक्तित्त्व ........ 286
- राजस्थानी मुहावरे, लोकोक्तियाँ ........ 292




Bookbaazi.in

# 1 वर्णमाला ज्ञान

## प्रैक्टिस सेट-1

1. हिन्दी स्वर-विषयक असंगत कथन है-
(1) स्वर घोष वर्ण होते हैं।
(2) 'अ' ह्रस्व स्वर है।
(3) 'वैयाकरण' में 'ऐ' संयुक्त स्वर है।
(4) ई, ऊ महाप्राण ध्वनि है।
[Deputy Jailor (Jail Deptt.) Exam-2024 (13-07-2025)]

2. 'ङ्' वर्ण के परिचय संबंधी कौन सा विकल्प सही है?
(1) उत्क्षिप्त, मूर्धन्य, सघोष, अल्पप्राण
(2) उत्क्षिप्त, तालव्य, सघोष, अल्पप्राण
(3) उत्क्षिप्त, मूर्धन्य, अघोष, अल्पप्राण
(4) उत्क्षिप्त, मूर्धन्य, सघोष, महाप्राण
[Deputy Jailor (Jail Deptt.) Exam-2024 (13-07-2025)]

3. 'र्' वर्ण किस वर्ग के अन्तर्गत आता है?
(1) उत्क्षिप्त (2) अनुनासिक
(3) पार्श्विक (4) लुंठित
[Deputy Jailor (Jail Deptt.) Exam-2024 (13-07-2025)]

4. कौन सा वर्ण-परिचय गलत है?
(1) 'न्' - नासिक्य, अल्पप्राण (2) 'म्' - ओष्ठ्य, सघोष
(3) 'ण्' - मूर्धन्य, अल्पप्राण (4) 'ज्' - तालव्य, अघोष
[Deputy Jailor (Jail Deptt.) Exam-2024 (13-07-2025)]

5. संयुक्त व्यंजन 'क्ष्' किन वर्णों से मिलकर बना है?
(1) क् + स् (2) क् + श् (3) क् + ष् (4) क् + छ्
[Deputy Jailor (Jail Deptt.) Exam-2024 (13-07-2025)]

6. निम्न में अग्र स्वर कौन सा है?
(1) ऊ (2) ऐ (3) ओ (4) औ
[Deputy Jailor (Jail Deptt.) Exam-2024 (13-07-2025)]

7. निम्नलिखित में किस वर्ण का उच्चारण स्थान दंत-ओष्ठ है?
(1) व (2) ऐ (3) फ (4) ल
[शीघ्रलिपिक/निजी सहायक ग्रेड-II-05-10-2024]

8. सूची-I के साथ सूची-II का मिलान कीजिए।

| सूची-I (वर्ण) | सूची-II (उच्चारण स्थान) |
|---|---|
| (a) ओ | (i) कण्ठ |
| (b) ए | (ii) दन्त ओष्ठ |
| (c) व | (iii) कण्ठ तालु |
| (d) ह | (iv) कण्ठ ओष्ठ |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :
(1) (a) - (ii), (b) - (iv), (c) - (iii), (d) - (i)
(2) (a) - (iv), (b) - (iii), (c) - (ii), (d) - (i)
(3) (a) - (i), (b) - (iii), (c) - (ii), (d) - (iv)
(4) (a) - (iv), (b) - (i), (c) - (iii), (d) - (ii)
[शीघ्रलिपिक/निजी सहायक ग्रेड-II-05-10-2024]

9. निम्नलिखित में से 'ज्ञ' का उच्चारण स्थान है :
(1) कण्ठ-तालु (2) कण्ठ
(3) तालु (4) दन्त
[शीघ्रलिपिक/निजी सहायक ग्रेड-II-05-10-2024]

10. निम्नलिखित में ह्रस्व स्वर नहीं है :
(1) उ (2) ऋ (3) अ (4) ए
[शीघ्रलिपिक/निजी सहायक ग्रेड-II-05-10-2024]

11. निम्नलिखित में अघोष वर्ण है :
(1) ड (2) अ (3) क (4) ह
[शीघ्रलिपिक/निजी सहायक ग्रेड-II-05-10-2024]

12. 'ड़' वर्ण का उच्चारण स्थान है:
(1) दन्त (2) तालु (3) मूर्धा (4) नासिका
[शीघ्रलिपिक/निजी सहायक ग्रेड-II-05-10-2024]

13. नीचे दो कथन दिए गए हैं :
**कथन - (I) : 'ह' वर्ण का उच्चारण स्थान कंठ है।**
**कथन - (II) : 'ऋ' तथा 'ठ' दोनों वर्णों का उच्चारण स्थान मूर्धा है।**
उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :
(1) कथन (I) असत्य है, किन्तु कथन (II) सत्य है।
(2) कथन (I) और (II) दोनों सत्य हैं।
(3) कथन (I) और (II) दोनों असत्य हैं।
(4) कथन (I) सत्य है, किन्तु कथन (II) असत्य है।
[CET (Graduation Level)_28-09-2024_(Shift-IV)]

14. नीचे दो कथन दिए गए हैं :
**कथन - I : 'ह' अनुनासिक वर्ण है।**
**कथन - II : 'उ' घोष वर्ण है।**
उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें :
(1) कथन I और II दोनों सत्य हैं।
(2) कथन I और II दोनों असत्य हैं।
(3) कथन I सत्य है, किन्तु कथन II असत्य है।
(4) कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सत्य है।
[CET (Graduation Level)_28-09-2024_(Shift-III)]

Bookbaazi.in

15. निम्नलिखित में से कौन-सी ध्वनियाँ अघोष हैं?
a. छ b. ज c. त d. न e. प
नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:
(1) केवल b, c और d (2) केवल a, c और e
(3) केवल a, d और e (4) केवल b, d और e
[CET (Graduation Level)_27-09-2024_(Shift-II)]

16. जब एक ही स्वर के ह्रस्व या दीर्घ रूप साथ- साथ आएँ तो दोनों स्वरों के स्थान पर कौन-सा स्वर हो जाता है?
(1) ह्रस्व स्वर (2) दीर्घ स्वर
(3) अर्द्ध स्वर (4) पूर्ण स्वर
[CET (Graduation Level)_27-09-2024_(Shift-II)]

17. नीचे दो कथन दिए गए हैं :
कथन - I : 'र' अन्तःस्थ व्यंजन वर्ण है।
कथन - II : 'ई' का उच्चारण स्थान तालु है।
उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें :
(1) कथन I और II दोनों सत्य हैं।
(2) कथन I और II दोनों असत्य हैं।
(3) कथन I सत्य है, किन्तु कथन II असत्य है।
(4) कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सत्य है।
[CET (Graduation Level)_27-09-2024_(Shift-I)]

18. किस विकल्प में सभी घोष ध्वनियाँ हैं?
(1) क, ग (2) ग, घ (3) च, झ (4) त, ध
[PTET_2023_(21 May, 2023)]

19. निम्नलिखित में से अर्ध स्वर कौनसा है?
(1) य (2) प (3) त्र (4) क्ष
[PTET_2023_(21 May, 2023)]

20. किस विकल्प में दोनों वर्ण अल्प प्राण हैं?
(1) छ, झ (2) ठ, थ (3) क, ग (4) अ, आ
[PTET_2023_(21 May, 2023)]

21. बाह्य प्रयत्न के ग्यारह भेदों में दो प्रकार हैं-
(1) विवृत - स्पृष्ट (2) अघोष - घोष
(3) ईषत - स्पृष्ट (4) ईषत- विवृत
[PTET_2023_(21 May, 2023)]

22. निम्नलिखित में से कंठ्य व्यंजन नहीं है-
(1) क (2) ग (3) घ (4) ट
[BA, B.Ed._2023_(21 May, 2023)]

23. निम्न में से संयुक्त स्वर है-
(1) ए (2) अ (3) आ (4) ई
[BA, B.Ed._2023_(21 May, 2023)]

24. अंतस्थ व्यंजन कौन-सा है?
(1) य (2) ख (3) च (4) क्ष
[REET Mains (Hindi) Exam_26.02.2023_(Level-II)]

25. 'अंतःस्थ' व्यंजन नहीं है-
(1) य (2) र (3) ल (4) ब
[REET Mains (Hindi) Exam_26.02.2023_(Level-II)]

26. निम्नलिखित वर्णों को उनके उच्चारण स्थान से सुमेलित कीजिए-

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | क | i. | दन्त |
| b. | त | ii. | तालु |
| c. | न | iii. | कण्ठ |
| d. | श | iv. | नासिका |

कूट :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | i | iii | iv | ii |
| (3) | iii | i | iv | ii |
| (4) | ii | iv | i | iii |

[REET Mains (Hindi) Exam_26.02.2023_(Level-II)]

27. निम्नलिखित में से भाषा की लघुत्तम लिखित इकाई है-
(1) ध्वनि (2) पद (3) शब्द (4) वर्ण
[REET Mains (Hindi) Exam_26.02.2023_(Level-II)]

28. सुमेलित कीजिए-

| | |
|---|---|
| (i) मूल स्वर | (क) ख, छ, फ, स |
| (ii) दीर्घ स्वर | (ख) आ, ई, ऊ, ऐ |
| (iii) अल्पप्राण व्यंजन | (ग) अ, इ, उ, ऋ |
| (iv) अघोष व्यंजन | (घ) य, र, ल, व |

सही विकल्प है-
(1) (i) – (क), (ii) – (ख), (iii) –(घ), (iv) –(ग)
(2) (i) – (क), (ii) – (ख), (iii) –(ग), (iv) –(घ)
(3) (i) – (ख), (ii) – (ग), (iii) –(घ), (iv) –(क)
(4) (i) – (ग), (ii) – (ख), (iii) –(घ), (iv) –(क)
[CET Exam 2022 Gr. Level_(08.01.2023)_(Ist Shift)]

29. असंगत विकल्प चुनिए-
(1) ई-अग्र, संवृत्त, अवृत्तमुखी
(2) य- तालव्य, अल्पप्राण, घोष
(3) ब- ओष्ठ्य, घोष, अल्पप्राण
(4) ष- अल्पप्राण, मूर्धन्य, अघोष
[CET Gr. Level_07.01.2023_Shift-II]

30. व्यंजन वर्णों के संबंध में कौन-सा विकल्प सुमेलित नहीं है?
(1) श, ष - संघर्षहीन (2) ग, घ - स्पर्श व्यंजन
(3) य, व - अर्धस्वर (4) च, छ- स्पर्श संघर्षी
[CET (Graduation Level) Exam 2022 (07.01.2023)_Shift-I]

31. ऋ का उच्चारण स्थान है-
(1) कण्ठ (2) मूर्धा (3) दन्त्य (4) तालु
[IInd Grade Exam (Hindi) (22-12-2022)]

32. ट, ठ, ष का उच्चारण स्थल है-
(1) मूर्धा (2) कण्ठ (3) वर्त्स (4) ओष्ठ
[IInd Grade Exam (Hindi) (22-12-2022)]



Bookbaazi.in

33. दन्तोष्ठ्य व्यंजन बताइए-
(1) व (2) त (3) थ (4) प
[IInd Grade Exam (Hindi) (22-12-2022)]

34. निम्नलिखित में से शब्दकोश क्रम से सही है-
(1) सफल, कठिन, काम (2) सभी, सुमति, अहंकार
(3) ईमानदारी, नम्रता, विपत्ति (4) आदर, उदारता, अप्रिय
[REET Level-II (Shift-III) (24-07-2022)]

35. उच्चारण स्थान के आधार पर (प, फ, ब, भ, म, उ, ऊ) स्वरयुक्त व्यंजन कहलाते हैं-
(1) तालव्य (2) ओष्ठ्य (3) कण्ठ्य (4) दन्त्य
[REET Level-II (Shift-III) (24-07-2022)]

36. कौन-से शब्द का अनुस्वार "ण" में लिखा जा सकता है?
(1) कंठ (2) गंगा (3) तंतु (4) मंजु
[BA,BED,BSC_2022(4 Year Exam)]

37. द्वित्व व्यंजन किसे कहते हैं?
(1) स्वर एवं व्यंजन के संयोग को
(2) किसी व्यंजन के अपने ही व्यंजन से संयोग को
(3) दो या दो से अधिक स्वरों के संयोग को
(4) पूर्ववर्ती स्वर से संबंधित नासिक्य व्यंजन को
[RIICO_Jr. Assistant (05-12-2021)]

38. अंतस्थ व्यंजन है-
(1) ङ्, न्, त्, ट् (2) श, ष, स, ह
(3) क्, च्, ण्, म् (4) य्, र्, ल्, व्
[RIICO_Jr. Assistant (05-12-2021)]

39. संयुक्त व्यंजन किसे कहते हैं?
(1) दो या दो से अधिक स्वरों के मेल को
(2) पूर्ववर्ती स्वर से संबंधित पंचमाक्षर को
(3) व्यंजनों और स्वरों के बीच स्थित वर्णों को
(4) दो या दो से अधिक व्यंजनों के मेल को
[RIICO_Stenographer (28-11-2021)]

40. निम्नलिखित में से कौनसा वर्ण उच्चारण की दृष्टि से 'ओष्ठ्य' नहीं है?
(1) ब (2) प (3) य (4) भ
[RIICO_Stenographer (28-11-2021)]

41. 'ऊष्म व्यंजन' हैं-
(1) य्, र्, ल्, व् (2) श्, ष्, स्, ह्
(3) क्, च्, त्, ट् (4) ङ्, न्, ण्, म्
[RIICO_Stenographer (28-11-2021)]

42. निम्नलिखित में से कौनसी ध्वनि सघोष महाप्राण है?
(1) ग (2) द (3) भ (4) ब
[BA/BSc BEd Exam-08.09.2021]

43. निम्नलिखित में से उत्क्षिप्त मूर्धन्य व्यंजन कौनसा है?
(1) प (2) न (3) ल (4) ढ़
[BA/BSc BEd Exam-08.09.2021]

44. हिन्दी में 'औ' स्वर को माना जाता है-
(1) संवृत (2) अर्द्ध विवृत
(3) अर्द्ध संवृत (4) विवृत
[BA/BSc BEd Exam-08.09.2021]

45. श्वास वायु के आधार पर वर्णों के कौनसे दो भेद हैं?
(1) अल्पप्राण-महाप्राण (2) सघोष-अघोष
(3) प्रकम्पित-उत्क्षिप्त (4) स्पर्श-ऊष्म
[BA/BSc BEd Exam-08.09.2021]

46. हिन्दी वर्णमाला में स्पर्श व्यंजनों की संख्या है-
(1) 30 (2) 54 (3) 45 (4) 25
[PTET (B.Ed.) Exam, 2021_08.09.2021]

47. निम्नलिखित में से संयुक्त व्यंजन का उदाहरण है-
(1) क्ष (2) ऑ (3) अः (4) क
[PTET (B.Ed.) Exam, 2021_08.09.2021]

48. 'त् थ् द्' वर्णों का उच्चारण स्थान है-
(1) दंत (2) तालु (3) कण्ठ (4) ओष्ठ
[PTET (B.Ed.) Exam, 2021_08.09.2021]

49. निम्नलिखित में से तालव्य ध्वनि है-
(1) ग (2) फ (3) ज (4) ठ
[PTET (B.Ed.) Exam, 2021_08.09.2021]

50. 'फ' का उच्चारण स्थान है-
(1) दन्त (2) कंठ (3) मूर्धा (4) ओष्ठ
[स्टेनोग्राफर - हिन्दी-अंग्रेजी 2018, 21 मार्च, 2021]

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (4) | 2. (1) | 3. (4) | 4. (4) | 5. (3) | 6. (2) | 7. (1) | 8. (2) | 9. (3) | 10. (4) |
| 11. (3) | 12. (3) | 13. (2) | 14. (4) | 15. (2) | 16. (2) | 17. (1) | 18. (2) | 19. (1) | 20. (3) |
| 21. (2) | 22. (4) | 23. (1) | 24. (1) | 25. (4) | 26. (3) | 27. (4) | 28. (4) | 29. (4) | 30. (1) |
| 31. (2) | 32. (1) | 33. (1) | 34. (3) | 35. (2) | 36. (1) | 37. (2) | 38. (4) | 39. (4) | 40. (3) |
| 41. (2) | 42. (3) | 43. (4) | 44. (2) | 45. (1) | 46. (4) | 47. (1) | 48. (1) | 49. (3) | 50. (4) |

## व्याख्या

18.(2) दिए गए दोनों शब्द 'ग, घ' घोष ध्वनियाँ है। जिन व्यंजनों के उच्चारण में स्वरतंत्रियों में कंपन पैदा न होता है, उन व्यंजनों को 'घोष' कहा जाता है।

19.(1) 'य' अर्द्ध स्वर है। 'य' तथा 'व' का उच्चारण अवरोध की दृष्टि से स्वर एवं व्यंजन के बीच की कड़ी है, अत: इन्हें अर्द्धस्वर या अन्त:स्थ व्यंजन भी कहा जाता है।
शेष विकल्पों में-
(2) 'प' अघोष व्यंजन है।
(3) 'प्र' संयुक्ताक्षर है। - (त् + र) = त्र
(4) 'क्ष' संयुक्ताक्षर है। - (क् + ष) = क्ष

20.(3) जिन व्यंजनों के उच्चारण में साँस की मात्रा कम लगानी पड़ती है, उन्हें अल्पप्राण कहते हैं। दिए गए विकल्पों में क, ग अल्पप्राण व्यंजन है।

21.(2) बाह्य प्रत्यत्न के ग्यारह भेदों में से दो प्रकार-

(1) अघोष (2) घोष

(1) घोष- जिन व्यंजनों के उच्चारण में हवा के गले से निकलने पर स्वर तंत्रियों में कम्पन पैदा होता है।

(2) अघोष- जिनके उच्चारण में यह कंपन नहीं होता, उन्हें 'अघोष' कहा जाता है।

22.(4) 'ट' कंठ्य व्यंजन नहीं है। क्, ,ख्, ग्, घ्, ङ् हिन्दी में 'कोमल तालव्य' व्यंजन है, क्योंकि इनका उच्चारण स्थान कोमलतालु (कंठ के ऊपर का स्थान) होता है।

'ट' मूर्धन्य व्यंजन है, इसका उच्चारण जीभ के अग्र भाग द्वारा मूर्धा को स्पर्श करने से होता है।

23.(1) संयुक्त स्वर - वे स्वर जो दो या दो से अधिक स्वरों से मिलकर बनते हैं। जैसे- ए, ऐ, ओ, औ, ऋ आदि।

अत: 'ए' संयुक्त स्वर है।

शेष विकल्पों में-

(2) 'अ' ह्रस्व स्वर है। (3) 'आ' दीर्घ स्वर है।

(4) 'ई' दीर्घ स्वर है।

24.(1) अंतस्थ व्यंजन - य, र, ल, व

अंतस्थ व्यंजन- 'य' का उच्चारण अवरोध की दृष्टि से स्वर एवं व्यंजन के बीच का है, अत: इन्हें अंत:स्थ व्यंजन कहा जाता है।

25.(4) 'य', 'र', 'ल' अन्त:स्थ व्यंजन हैं। 'ब' ओष्ठ्य व्यंजन कहा जाता है। ये व्यंजन दोनों होठों को मिलाने पर बोले जाते हैं।

26.(3)

| वर्ण | | उच्चारण स्थान | वर्ण | | उच्चारण स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| क | - | कण्ठ | त | - | दन्त |
| न | - | नासिका | श | - | तालु |

27.(4) भाषा की लघुतम इकाई 'वर्ण' होती है। वर्ण ध्वनि का लघुतम रूप होता है, इसे और विभाजित नहीं किया जा सकता।

28.(4) मूल स्वर - अ, इ, उ, ऋ दीर्घ स्वर - आ, ई, ऊ, ऐ

अल्पप्राण व्यंजन - य, र, ल, व

अघोष व्यंजन - ख, छ, फ, स

29.(4) ष = महाप्राण, मूर्धन्य अघोष होता है।

महाप्राण - श्वास वायु का अधिक मात्रा में बाहर निकलना

मूर्धन्य - उच्चारण में जीभ मूर्धा को स्पर्श करती है।

अघोष - वे ध्वनियाँ जिनमें स्वर तंत्र में कंपन नहीं होता।

30.(1) श, ष संघर्षहीन न होकर 'संघर्षी व्यंजन' हैं। जिन वर्णों के उच्चारण में जीभ स्पर्श तो नहीं करती, किन्तु वायुमार्ग अत्यंत संकीर्ण हो जाता है और हवा संघर्ष के साथ बाहर निकलती है, उन्हें संघर्षी व्यंजन कहते हैं।

31.(2) ऋ का उच्चारण स्थान 'मूर्धा' होता है। 'ऋ' एक मूर्धन्य स्वर है। मूर्धन्य वर्ण वे हैं, जिनके उच्चारण का स्थान मूर्धा है।

32.(1) ट, ठ, ड, ढ, ण, ऋ, ष, र का उच्चारण स्थल मूर्धा है। इनका उच्चारण जीभ के अग्र भाग द्वारा मूर्धा को स्पर्श करने से होता है। अत: इन्हें मूर्धन्य व्यंजन कहा जाता है।

33.(1) दन्तोष्ठ्य व्यंजन 'व' होता है।

'व' का उच्चारण स्थान दाँत व ओष्ठ होता है।

'त, थ, द, ध, न, ल, स' का उच्चारण स्थान दाँत होता है, जिसे 'दन्त्य' ध्वनि नाम दिया गया है।

'प, फ, ब, भ, म, उ, ऊ' का उच्चारण स्थान 'ओष्ठ' होता है जिसे 'ओष्ठ्य' ध्वनि नाम दिया गया है।

34.(3) 'ईमानदारी, नम्रता, विपत्ति' तीनों ही शब्द शब्दकोश क्रम की दृष्टि से सही हैं।

शब्दकोश क्रम- अं, अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ, क, क्ष, ख, ग, घ, च, छ, ज, झ, ट, ढ, ड, ढ, त, त्र, च, द, ध, न, प, फ, ब, भ, म, र, ल, व, श, ष, स, ह।

35.(2) उच्चारण स्थान के आधार पर (प, फ, ब, भ, म, उ, ऊ) स्वरयुक्त व्यंजन 'ओष्ठ्य व्यंजन' कहलाते हैं। ओष्ठ्य व्यंजन दोनों ओठों को मिलाने पर बोले जाते हैं, इसलिए इन्हें ओष्ठ्य कहा जाता है।

36.(1) 'कंठ' शब्द का अनुस्वार ''ण'' में लिखा जा सकता है। पाँचों वर्गों में पाँचवाँ व्यंजन अनुनासिक होता है ङ,ण ञ्, न्, म्। इनके उच्चारण में हवा नाक से ही निकलती है। व्यंजनों के पाँचों वर्गों में यदि किसी निरनुनासिक व्यंजन के पहले नासिक व्यंजन आता है, तो वह उसी वर्ग का आता है।

ट्,ठ्,ड्,ढ्,ण् - कंटक(कण्टक), कंठ(कण्ठ), अंडा (अण्डा)

देवनागरी लिपि के सरलीकरण की प्रक्रिया के बाद यह निर्णय लिया गया कि अनुनासिक व्यंजनों को अनुस्वार (ं) के रूप में लिख देना चाहिए। यद्यपि कंठ शब्द में कं ऊपर अनुस्वार लगा है परंतु यह अनुस्वार न होकर 'ण' व्यंजन का प्रतिनिधि है, कंठ (कण्ठ) कं का अनुनासिक व्यंजन (ण्) है।

37.(2) द्वित्व व्यंजन- जब दो समान व्यंजन एक साथ प्रयोग में लाए जाते हैं, तो उन्हें द्वित्व व्यंजन कहते हैं। जैसे- पक्का, मक्का, बच्चा, बिल्ली, चम्मच, पत्ता, सज्जा

इसमें पहला व्यंजन स्वर रहित व दूसरा व्यंजन स्वर सहित होता है।

38.(4) जिन वर्णों का उच्चारण वर्णमाला के बीच अर्थात् (स्वरों और व्यंजनों) के बीच होता है, वे अन्तस्थ व्यंजन कहलाते हैं। ये व्यंजन चार होते हैं- य्, र्, ल्, व्

39.(4) दो या दो से अधिक व्यंजनों के मेल को 'संयुक्त व्यंजन' या 'संयुक्ताक्षर' कहते हैं।

हिन्दी में चार संयुक्ताक्षर हैं-

क्ष (क् + ष्), त्र (त् + र), ज्ञ (ज् + ञ), श्र (श् + र)

40.(3) प्, फ्, ब्, भ्, म् व्यंजन दोनों ओठों को मिलाने पर बोले जाते हैं इसलिए इन्हें ओष्ठ्य व्यंजन कहा जाता है। य्, श् तालव्य व्यंजन है।

Bookbaazi.in

41.(2) 'श, ष, स, ह' के उच्चारण में मुख अंगों के परस्पर निकट आने से वायु मार्ग संकीर्ण हो जाता है तथा हवा घर्षण के साथ निकलती है, इसलिए इन्हें 'ऊष्म व्यंजन' कहते हैं।
य, र, ल, व = घोष व्यंजन
क, च, त, ट = अघोष व्यंजन
ङ, न, ण, म = नासिक्य व्यंजन

42.(3) 'भ' सघोष महाप्राण ध्वनि है।
'ग, द, ब' सघोष अल्पप्राण ध्वनियाँ हैं।

43.(4) 'ड़, ढ़' हिंदी में उत्क्षिप्त ध्वनियाँ हैं। इन्हें ताड़नजात भी कहते हैं। 'ड़, ढ़' का उच्चारण स्थान मूर्धा होने के कारण ये मूर्धन्य ध्वनियाँ कहलाती हैं।

44.(2) जिन व्यंजनों के उच्चारण में मुख विवृत स्वर से कम एवं अर्द्ध संवृत स्वर से अधिक खुलता है, उन्हें अर्द्ध विवृत स्वर कहते हैं। 'अ, ऑ, ऐ, औ' हिंदी में अर्द्ध विवृत स्वर हैं।

45.(1) प्राणवायु अर्थात् श्वासवायु के आधार पर वर्ण दो प्रकार के होते हैं–
अल्पप्राण: जिन वर्णों के उच्चारण में साँस की मात्रा कम लगानी पड़ती है, उन्हें अल्पप्राण कहते हैं।
महाप्राण: जिन वर्णों के उच्चारण में साँस की मात्रा अधिक लगानी पड़ती है, उन्हें महाप्राण कहते हैं।

46.(4) हिन्दी वर्णमाला में सभी वर्गीय व्यंजन स्पर्श व्यंजन कहलाते हैं–
क वर्ग - क, ख, ग, घ, ङ
च वर्ग - च, छ, ज, झ, ञ
ट वर्ग - ट, ठ, ड, ढ, ण
त वर्ग - त, थ, द, ध, न
प वर्ग - प, फ, ब, भ, म
**नोट:** आजकल 'च' वर्ग को स्पर्श-संघर्षी माना जाने लगा है।

47.(1) वर्तमान हिंदी में चार संयुक्त व्यंजन हैं–
क्ष = क् + ष।
ज्ञ = ज् + ञ।
त्र = त् + र।
श्र = श् + र।

48.(1) 'त, थ, द, ध, न' का उच्चारण स्थान दंत होने के कारण ये सभी ध्वनियाँ दंत्य कहलाती हैं।

49.(3) सम्पूर्ण च वर्ग (च, छ, ज, झ, ञ) तालव्य है।
'ग' कंठ्य है।
'फ' ओष्ठ्य है।
'ठ' मूर्धन्य है।

50.(4) पूरे 'प' वर्ग (प, फ, ब, भ, म) का उच्चारण स्थान ओष्ठ हैं।

## प्रैक्टिस सेट-2

1. **जिन व्यंजनों के उच्चारण में प्रश्वास की कम मात्रा लगती है, वे कहलाते हैं–**
(1) अल्पप्राण (2) महाप्राण
(3) अघोष (4) सघोष
[B.Ed. (PTET) Exam, 2017]

2. **स्पर्श संघर्षी हैं–**
(1) क, ख (2) च, छ
(3) ट, ठ (4) त, थ
[B.Ed. (PTET) Exam, 2017]

3. **अंत:स्थ और ऊष्म वर्ण कितने हैं?**
(1) 6 (2) 8 (3) 9 (4) 7
[UPSSSC विधानभवन रक्षक एवं वन रक्षक परीक्षा, 2016]

4. **'र' का विवरण है–**
(1) वर्त्स्य, लुंठित, सघोष, अल्पप्राण व्यंजन
(2) वर्त्स्य, पार्श्विक, सघोष, महाप्राण व्यंजन
(3) वर्त्स्य, संघर्षी, अघोष, अल्पप्राण व्यंजन
(4) वर्त्स्य, स्पर्श, सघोष, महाप्राण व्यंजन
[UPSSSC विधानभवन रक्षक एवं वन रक्षक परीक्षा, 2016]

5. **काकल्य वर्ण कौनसा है?**
(1) य (2) स (3) ह (4) ण
[UPSSSC विधानभवन रक्षक एवं वन रक्षक परीक्षा, 2016]

6. **'य' का उच्चारण स्थान है–**
(1) ओष्ठ्य (2) दांत (3) मूर्धा (4) तालु
[UPSSSC विधानभवन रक्षक एवं वन रक्षक परीक्षा, 2016]

7. **अर्द्ध विवृत स्वर है–**
(1) ऊ (2) ऐ (3) आ (4) ए
[UPSSSC विधानभवन रक्षक एवं वन रक्षक परीक्षा, 2016]

8. **जिनकी ध्वनि केवल मुख से निकलती है, वे हैं–**
(1) वृत्ताकार स्वर (2) संवृत स्वर
(3) अनुनासिक स्वर (4) निरनुनासिक स्वर
[UPSSSC विधानभवन रक्षक एवं वन रक्षक परीक्षा, 2016]

9. **'दृग' का वर्ण-विच्छेद है–**
(1) द् + ऋ + ग् + अ (2) द् + र + उ + ग
(3) द् + ऋ + ग (4) द् + र + अ + उ + ग + अ
[UPSSSC विधानभवन रक्षक एवं वन रक्षक परीक्षा, 2016]

10. **किस शब्द में सभी व्यंजन स्वर-युक्त हैं?**
(1) प्रथा (2) पार्थ (3) पृथा (4) पृथ्वी
[पटवार भर्ती मुख्य परीक्षा, 2016]

11. **निम्नलिखित में से किसमें गलत कथन है?**
(1) हिन्दी में एक भी धातु व्यंजनान्त नहीं है।
(2) अनुस्वार और विसर्ग दोनों ध्वनियाँ 'अयोगवाह' हैं।
(3) हिन्दी के दो व्यंजन किसी भी शब्द के आरंभ में प्रयुक्त नहीं होते।
(4) हिन्दी शब्दकोश में 'त्' से आरंभ होने वाले सब शब्दों के बाद 'ज्ञ' से आरंभ होने वाले शब्द होते हैं।
[BSTC Exam, 2016]



Bookbazi.in

12. भाषा की सबसे छोटी इकाई क्या है?
(1) स्वर (2) व्यंजन (3) वर्ण (4) ध्वनि
[Women Supervisor Exam, 2015]

13. स्पर्श व्यंजनों की कुल संख्या क्या है?
(1) 25 (2) 26 (3) 24 (4) 21
[Women Supervisor Exam, 2015]

14. इनमें से कौनसा वर्ण उत्क्षिप्त व्यंजन है?
(1) य (2) ड़ (3) र (4) ल
[B.Ed Exam, 2015]

15. निम्नलिखित में से कौनसा वर्ण तालव्य नहीं है?
(1) श (2) छ (3) ऊ (4) इ
[B.Ed Exam, 2015]

16. इनमें से कौनसे वर्ण महाप्राण हैं?
(1) घ, ठ (2) य, स (3) ई, औ (4) ट, द
[B.Ed Exam, 2015]

17. व्याकरण की दृष्टि से इनमें से कौनसा कथन सही है?
(1) स्वर और व्यंजन में उच्चारण की दृष्टि से कोई अंतर नहीं है।
(2) समस्त स्वर महाप्राण हैं।
(3) व्यंजन के उच्चारण में श्वास-वायु अबाध रूप से मुँह से बाहर आती है।
(4) मूलतः सभी व्यंजन हलन्त हैं।
[B.Ed Exam, 2015]

18. हिन्दी वर्णमाला में मूल (मुख्य) स्वर कितने हैं?
(1) 11 (2) 5 (3) 4 (4) 6
[B.Ed Exam, 2015]

19. 'पंचांग' शब्द में उच्चरित ध्वनियों का लेखन निम्नलिखित में से किसमें हुआ है?
(1) पन्वाङ्ग (2) पञ्चाना
(3) पञ्चाङ्ग (4) पङ्चाङ्ग
[PSI 2010-11 Exam held on 5-6-2014]

20. 'द्वित्व' का प्रयोग किस शब्द में नहीं हुआ है?
(1) सच्चा (2) कुत्ता (3) वल्गा (4) बग्गा
[PSI 2010-11 Exam held on 5-6-2014]

21. निम्नलिखित में से कौनसी बात गलत है?
(1) 'ध' सघोष, महाप्राण, दन्त्य है।
(2) 'ब' सघोष, ओष्ठ्य, महाप्राण है।
(3) 'च' अघोष, तालव्य, अल्पप्राण है।
(4) 'ख' कंठ्य, महाप्राण, अघोष है।
[PSI 2010-11 Exam held on 5-6-2014]

22. स्वर रहित 'र्' का प्रयोग हुआ है-
(1) ट्रक में (2) पुनर्निर्माण में
(3) त्राटक में (4) शत्रु में
[PSI 2010-11 Exam held on 5-6-2014]

23. यदि नीचे का होठ पूरी तरह काट दिया जाए तो किस ध्वनि के उच्चारण में कठिनाई होगी?
(1) ल (2) ब (3) ध (4) ख
[PSI 2010-11 Exam held on 5-6-2014]

24. उत्क्षिप्त ध्वनि का प्रयोग हुआ है-
(1) आरज़ू में (2) खसरा में
(3) पढ़ाई में (4) ज़फर में
[PSI 2010-11 Exam held on 5-6-2014]

25. संयुक्ताक्षरों को छोड़कर हिन्दी में मूल वर्णों की संख्या है-
(1) 36 (2) 44 (3) 48 (4) 53
[PSI 2010-11 Exam held on 5-6-2014]

26. 'डाकघर' शब्द का स्वर लोप के कारण हिन्दी में उच्चारण होता है-
(1) डाक-घर (2) डाग्घर (3) डाक्घर (4) डाघ्घर
[PSI 2010-11 Exam held on 5-6-2014]

27. य, र, ल, व किस वर्ग के व्यंजन हैं?
(1) तालव्य (2) ऊष्म (3) अंतःस्थ (4) ओष्ठ्य
[BSTC Exam, 2014]

28. 'क्ष' वर्ण किस वर्ग का व्यंजन है?
(1) क्+छ् (2) क्+ष (3) क्+च् (4) उक्त सभी
[BSTC Exam, 2014]

29. किस क्रम में वृत्तमुखी स्वर नहीं है?
(1) आ (2) ऊ (3) ओ (4) औ
[BSTC भर्ती परीक्षा, 2013]

30. बाह्य प्रयत्न के आधार पर व्यंजन के कितने भेद हैं?
(1) दो-अल्पप्राण-महाप्राण (2) दो-लघु-दीर्घ
(3) दो-घोष-अघोष (4) दो-विवृत-स्पृष्ट
[Pre. B.Ed. Exam 2013; Patwari Exam 2011]

31. किस क्रम में ऊष्म व्यंजन नहीं है?
(1) श (2) स (3) य (4) ष
[Pre. B.Ed. Exam 2013; Patwari Exam 2011]

32. किस क्रम में अल्पप्राण ध्वनि है?
(1) फ, ध (2) ठ, भ (3) क, ल (4) ख, ढ
[Patwari Exam, 2013]

33. ज और ध का उच्चारण स्थान है-
(1) कंठ्य, तालव्य (2) ओष्ठ्य, नासिक्य
(3) मूर्धन्य, ओष्ठ्य (4) तालव्य, दन्त्य
[Patwari Exam, 2013]

34. 'अ' स्वर का उच्चारण स्थान क्या है?
(1) मूर्धा (2) कण्ठ (3) तालु (4) ओष्ठ
[IInd grade Hindi Exam, 2013]

35. निम्नलिखित में कंठ तालव्य स्वर कौनसे हैं?
(1) ए-ऐ (2) ए-ओ (3) ए-ऊ (4) ओ-उ
[IInd grade Hindi Exam, 2013]

36. स्पर्श व्यंजनों को उच्चारण स्थान के आधार पर कितने भागों में बाँटा गया है?
(1) तीन (2) चार (3) दो (4) पाँच
[IInd grade Hindi Exam, 2013]

37. निम्नलिखित में से किस वर्ण के उच्चारण में जिह्वा दाँतों का स्पर्श करती है?
(1) क (2) च (3) त (4) प
[IInd grade Hindi Exam, 2013]

38. निम्नलिखित में तालव्य व्यंजन हैं-
(1) च छ ज झ ञ (2) प फ ब भ म
(3) क ख ग घ ङ (4) ट ठ ड ढ ण
[IInd grade Hindi Exam, 2013]

39. अनुनासिक ध्वनियों का सही क्रम है-
(1) ङ ण न ञ म (2) ङ ञ ण न म
(3) ञ म ण न ङ (4) ञ म ङ ण न
[IInd grade Hindi Exam, 2013]

40. अनुनासिकता गुण है-
(1) स्वरों का (2) व्यंजनों का
(3) पदों का (4) शब्दों का
[द्वितीय श्रेणी हिन्दी परीक्षा, 2011]

41. निम्नलिखित में से संवृत स्वर है-
(1) ऊ (2) आ (3) ए (4) ऐ
[IInd grade Hindi Exam, 2011]

42. नासिक्य ध्वनियों के उच्चारण में प्रश्वास-
(1) केवल नाक से निकलता है।
(2) मुख और नाक दोनों से निकलता है।
(3) केवल मुख से निकलता है।
(4) मुख से निर्बाध निकलता है।
[IInd grade Hindi Exam, 2011]

43. अपभ्रंश के आठ स्वरों के पश्चात् हिन्दी में किन दो नये स्वरों का विकास हुआ?
(1) उ, ए (2) ई, ऐ (3) ऊ, ओ (4) ऐ, औ
[IInd grade Hindi Exam, 2011]

44. तालव्य व्यंजन हैं-
(1) ट,ठ,ड,ढ (2) च,छ,ज,झ
(3) त,थ,द,ध (4) प,फ,ब,भ
[REET L-I, Language-II, 2011]

45. 'प्यास' शब्द का वर्ण-विच्छेद है-
(1) प्+अ+य्+आ+स्+अ (2) प्+य्+आ+स्+अ
(3) प्+य्+अ+स्+आ (4) प्+य्+अ+स्+अ
[REET L-I, Language-II, 2011]

46. किस शब्द में 'ऐ' स्वर नहीं है?
(1) वैदिक (2) ऐक्य (3) पैतृक (4) स्नेह
[REET L-I, Language-II, 2011]

47. कौनसा वर्ण घोष नहीं है?
(1) ए (2) छ (3) अ (4) ड
[REET L-II, Language-I, 2011]

48. किस शब्द में 'ऋ' स्वर नहीं है?
(1) कृपा (2) कृष्ण (3) दृष्टि (4) रिवाज़
[REET L-II, Language-I, 2011]

49. किन ध्वनियों को 'अनुस्वार' कहा जाता है?
(1) स्वर के बाद में आने वाली नासिक्य ध्वनियाँ
(2) स्वतंत्र रूप से उच्चारित ध्वनियाँ
(3) स्वर के साथ आने वाली ध्वनियाँ
(4) व्यंजन के बाद में आने वाली ध्वनियाँ
[REET L-II, Language-I, 2011]

50. कौनसा वर्ण ओष्ठ्य नहीं है?
(1) उ (2) व (3) ऊ (4) आ
[REET L-II, Language-II, 2011]

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (1) | 2. (2) | 3. (2) | 4. (1) | 5. (3) | 6. (4) | 7. (2) | 8. (4) | 9. (1) | 10. (3) |
| 11. (4) | 12. (3) | 13. (1) | 14. (2) | 15. (3) | 16. (1) | 17. (4) | 18. (3) | 19. (3) | 20. (3) |
| 21. (2) | 22. (2) | 23. (2) | 24. (3) | 25. (2) | 26. (2) | 27. (3) | 28. (2) | 29. (1) | 30. (1) |
| 31. (3) | 32. (3) | 33. (4) | 34. (2) | 35. (1) | 36. (4) | 37. (3) | 38. (1) | 39. (2) | 40. (1) |
| 41. (1) | 42. (1) | 43. (4) | 44. (2) | 45. (2) | 46. (4) | 47. (2) | 48. (4) | 49. (1) | 50. (4) |

## व्याख्या

1. (1) प्रत्येक वर्ग का पहला, तीसरा एवं पाँचवाँ वर्ण अल्पप्राण होता है। जैसे- क्, ग्, ङ्, च्, ज्, भ् आदि।

2. (2) च्, छ्, ज्, झ्, ञ् स्पर्श संघर्षी हैं।

3. (2) अंतःस्थ (य, र, ल, व) और ऊष्म (श, ष, स, ह) आठ (8) हैं।

4. (1) 'र' वर्ण वर्त्स्य, लुंठित, सघोष और अल्पप्राण व्यंजन है।

5. (3) जिन व्यंजन ध्वनियों के उच्चारण में मुख गुहा खुली रहती है और वायु बंद कंठ को झटके से खोलकर बाहर निकलती है उसे काकल्य वर्ण कहते हैं। जैसे- ह।

6. (4) 'य' का उच्चारण स्थान 'तालु' है। 'य' का उच्चारण तालु और जीभ के स्पर्श से होता है। इ, ई, च वर्ग और श का उच्चारण भी तालु तथा जीभ के स्पर्श से होता है।

7. (2) 'ऐ' अर्द्ध विवृत स्वर है। जिन स्वरों के उच्चारण में जिह्वा अर्द्ध संवृत से भी कम उठती है, वे अर्द्ध विवृत कहलाते हैं। ये हैं- अ, ऐ, औ।

8. (4) जब स्वरों का उच्चारण केवल मुख से होता है, उन्हें निरनुनासिक कहा जाता है। जैसे- अ।

9. (1) 'दृग' का वर्ण-विच्छेद है- द्+ऋ+ग्+अ।

10. (3) 'पृथा' में सभी व्यंजन स्वर युक्त हैं-
पृथा = प् + ऋ + थ् + आ
अतः 'प्' के साथ 'ऋ' स्वर जुड़ा हुआ है एवं 'थ्' के साथ 'आ' स्वर जुड़ा हुआ है।

Bookbaazi.in

19. निम्नलिखित वर्ण अल्पप्राण नहीं हैं-
(1) श, ष, स, ह (2) वर्ग के प्रथम, तृतीय, पञ्चम
(3) य, व (4) र, ल
[PTET Exam, 2019]

20. अन्तःस्थ संज्ञक वर्ण हैं-
(1) श, ष, स, ह (2) क, प, च, ट, त
(3) य, व, र, ल (4) अ, इ, उ, ऋ
[PTET Exam, 2019]

21. निम्नलिखित वर्ण की ओष्ठ्य एवं स्पर्श संज्ञा है-
(1) उ (2) म (3) अ (4) क
[PTET Exam, 2019]

22. इनमें से किस विकल्प में कोई भी वर्ण 'घोष' नहीं है?
(1) अ, ज, झ (2) ग, ट, ड
(3) क, त, प (4) इ, च, द
[IInd Grade Teacher (Spl. Edu.) 2015, 08.02.2018]

23. इनमें से किस विकल्प में सभी वर्ण 'तालव्य' हैं?
(1) इ, ज, श (2) उ, क, ख
(3) त, थ, च (4) ई, ब, भ
[IInd Grade Teacher (Spl. Edu.) 2015, 08.02.2018]

24. इनमें से ओष्ठ्य स्वर कौनसे हैं?
(1) उ, ऊ (2) इ, ई (3) अ, आ (4) अ, इ
[IInd Grade Teacher (Spl. Edu.) 2015, 08.02.2018]

25. इनमें से संघर्षी वर्ण कौनसे हैं?
(1) क्, ग् (2) त्, थ् (3) श्, ष् (4) प्, फ्
[IInd Grade Teacher (Spl. Edu.) 2015, 08.02.2018]

26. निम्न में अशुद्ध आक्षरिक खण्ड है-
(1) क् + ष = क्ष (2) त् + र = त्र
(3) ग् + य = ज्ञ (4) श् + र = श्र
[BSTC भर्ती परीक्षा, 2018]

27. इनमें से कौनसा कथन सही नहीं है?
(1) अ कंठ्य ध्वनि है। (2) आ दीर्घ स्वर है।
(3) इ मूल स्वर है। (4) ई संयुक्त स्वर है।
[वरिष्ठ अध्यापक (हिन्दी) परीक्षा, 2018]

28. निम्नांकित में 'महाप्राण' वर्ण है-
(1) र (2) ल (3) व (4) स
[वरिष्ठ अध्यापक (हिन्दी) परीक्षा, 2018]

29. इनमें से किस वर्ण का उच्चारण स्थान अन्य तीन वर्णों के उच्चारण स्थान से भिन्न है?
(1) त (2) थ (3) श (4) स
[वरिष्ठ अध्यापक (हिन्दी) परीक्षा, 2018]

30. हिन्दी में ध्वनियाँ कितने प्रकार की होती हैं?
(1) 2 (2) 4 (3) 6 (4) 8
[UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी, 2018]

31. मात्रा के आधार पर स्वर कितने प्रकार के होते हैं?
(1) 2 (2) 3 (3) 4 (4) 5
[UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी, 2018]

32. जिह्वा के आधार पर स्वर कितने प्रकार के होते हैं?
(1) 2 (2) 3 (3) 4 (4) 6
[UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी, 2018]

33. कौनसा वर्ण अन्तःस्थ है?
(1) ङ (2) व (3) श (4) क्ष
[Pre. B.Ed. (PTET) Exam, 2018]

34. त, थ वर्ण ----- वर्ग के वर्ण हैं-
(1) कंठ्य (2) दंत्य (3) तालव्य (4) मूर्द्धन्य
[Pre. B.Ed. (PTET) Exam, 2018]

35. निम्न में से संयुक्त व्यंजन है-
(1) श्र (2) ब (3) भ (4) श
[REET L-I, Language-II, 2017]

36. अल्पप्राण ध्वनियों का समूह कौनसा है?
(1) क, ख, ग (2) च, ज, ञ
(3) त, थ, न (4) ट, ठ, ण
[REET L-II, Language-II, 2011]

37. किस क्रमांक में अंतःस्थ व्यंजन हैं?
(1) ग, घ (2) द, ध
(3) ड, ढ (4) य, व
[Patwari Exam, 2011]

38. किस क्रमांक में अघोष व्यंजन हैं?
(1) त, थ (2) न, ब
(3) झ, ड (4) व, ह
[Patwari Exam, 2011]

39. संयुक्त व्यंजन किस क्रमांक में है?
(1) ढ़ (2) त्र (3) क (4) च
[Patwari Exam, 2011]

40. किस क्रमांक में सघोष व्यंजन हैं?
(1) क, ख (2) य, र (3) त, थ (4) प, फ
[Patwari Exam, 2011]

41. किस क्रमांक में अंतःस्थ व्यंजन हैं?
(1) श, स (2) र, ल (3) ट, ढ (4) ब, म
[Patwari Exam, 2011]

42. 'न' व्यंजन का उच्चारण स्थान है-
(1) मूर्धा और नासिका (2) वर्त्स और नासिका
(3) ओष्ठ और नासिका (4) कंठ और नासिका
[Patwari Exam, 2011]

43. श् के साथ ऋ की मात्रा जोड़ने पर बनता है-
(1) श्र (2) श्री (3) शृ (4) शत्री
[Patwari Exam, 2011]

44. किस क्रम में तालव्य व्यंजन है?
(1) ट्, ठ्, ड्, ढ्, ण् (2) क्, ख्, ग्, घ्, ङ्
(3) च्, छ्, ज्, झ्, ञ् (4) त्, थ्, द्, ध्, न्
[Patwari Exam, 2011]

Bookbaazi.in

45. 'ओ उ म्' को किस तरह का स्वर कहा जाता है?
(1) ह्रस्व स्वर (2) प्लुत स्वर
(3) घोष स्वर (4) दीर्घ स्वर
[Patwari Exam, 2011]

46. जिन स्वरों के उच्चारण में 'मुँह सबसे कम खुलता है उसे कहते हैं-'
(1) संवृत स्वर (2) विवृत स्वर
(3) पश्च स्वर (4) अग्र स्वर
[Patwari Exam, 2011]

47. किस क्रम में अघोष व्यंजन नहीं है?
(1) क् (2) य् (3) थ् (4) फ्
[Patwari Exam, 2011]

48. वर्ण किसे कहते हैं?
(1) किसी भाषा के लघुतम व्यंजनों को।
(2) किसी भाषा के लघुतम स्वरों को।
(3) किसी भाषा की लघुतम सार्थक ध्वनियों को।
(4) किसी भाषा के लघुतम सार्थक अक्षरों को।
[Patwari Exam, 2011]

49. 'ऋ' को क्या कहेंगे?
(1) अक्षर (2) वर्णमाला (3) व्यंजन (4) स्वर
[Patwari Exam, 2011]

50. 'रु' का वर्ण विच्छेद किस क्रमांक में है?
(1) र् + उ (2) र् + ऊ (3) र् + ऋ (4) र् + इ
[Patwari Exam, 2011]

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (2) | 2. (2) | 3. (3) | 4. (3) | 5. (3) | 6. (2) | 7. (1) | 8. (4) | 9. (2) | 10. (2) |
| 11. (1) | 12. (2) | 13. (3) | 14. (3) | 15. (2) | 16. (4) | 17. (2) | 18. (3) | 19. (1) | 20. (3) |
| 21. (2) | 22. (3) | 23. (1) | 24. (1) | 25. (3) | 26. (3) | 27. (4) | 28. (4) | 29. (3) | 30. (1) |
| 31. (1) | 32. (2) | 33. (2) | 34. (2) | 35. (1) | 36. (2) | 37. (4) | 38. (1) | 39. (2) | 40. (2) |
| 41. (2) | 42. (2) | 43. (3) | 44. (3) | 45. (2) | 46. (1) | 47. (2) | 48. (3) | 49. (4) | 50. (1) |

## व्याख्या

1. (2) 'ज्ञ' संयुक्त व्यंजन है।
ज्ञ = ज् + ञ् + अ।

2. (2) हिन्दी वर्णमाला में कुल 11 स्वर हैं-अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ।

3. (3) अनुनासिकता का चिह्न चन्द्रबिन्दु ( ँ ) होता है।

4. (3) सम्पूर्ण 'क' वर्ग (क्, ख्, ग्, घ्, ङ्) का उच्चारण स्थान कंठ है। अत: ये सभी वर्ण कंठ्य कहलाते हैं।

5. (3) 'ट्, ठ्, ड्, ढ्, ण्' तथा 'ह्' वर्ण का उच्चारण स्थान मूर्धा होता है। ये सभी व्यंजन मूर्धन्य कहलाते हैं।

6. (2) जो स्वर दो असवर्ण स्वरों के मेल से निर्मित हुए हैं, वे संयुक्त स्वर कहलाते हैं। जैसे- अ+ई = ए, अ+ए = ऐ, अ+उ = ओ, अ+ओ = औ।

7. (1) च वर्ग, य्, श् का उच्चारण स्थान तालु है।

8. (4) 'ज्ञ' एक संयुक्त व्यंजन है।
ज्ञ = ज् + ञ् + अ

9. (2) जिन स्वरों के उच्चारण में मुख सर्वाधिक खुला हुआ होता है, उन्हें विवृत स्वर कहते हैं। हिन्दी में 'आ' स्वर विवृत के अंतर्गत आता है।

10.(2) हिन्दी में इ, ई, उ, ऊ संवृत स्वर हैं।

11.(1) जिन व्यंजनों के उच्चारण में हवा के गले से निकलने पर स्वरतंत्रियों में कंपन पैदा होता है, उन्हें सघोष व्यंजन कहते हैं और जिनके उच्चारण में कम्पन नहीं होता उन्हें अघोष व्यंजन कहते हैं।

12.(2) हिंदी वर्णमाला में चार अन्त:स्थ वर्ण हैं- य, र, ल, व।

13.(3) 'ह' वर्ण महाप्राण व्यंजन है। जिन व्यंजनों के उच्चारण में साँस की मात्रा अधिक लगानी पड़ती है, उन्हें महाप्राण व्यंजन कहते हैं।

14.(3) हिंदी वर्णमाला में 'ओ, औ' कंठोष्ठ्य हैं। 'ए, ऐ' का उच्चारण स्थान कंठ-तालु है। 'उ' का उच्चारण स्थान ओष्ठ है।

15.(2) पूरे 'ट वर्ग' (ट, ठ, ड, ढ, ण) एवं र, ड़, ढ़, ष का उच्चारण स्थान मूर्धा है। अत: ये सभी ध्वनियाँ मूर्धन्य हैं।

16.(4) हिन्दी भाषा में क वर्ग, च वर्ग, ट वर्ग, त वर्ग एवं प वर्ग (कुल 25) स्पर्श व्यंजन हैं। इस विकल्प में 'य' स्पर्श व्यंजन नहीं है।

17.(2) हिन्दी वर्णमाला में सभी स्वर घोष होते हैं।

18.(3) ओ, औ सवर्ण स्वर नहीं हैं, क्योंकि इनकी उत्पत्ति असवर्ण स्वरों के मेल से हुई है।

19.(1) प्रत्येक वर्ग का दूसरा एवं चौथा वर्ण तथा श, ष, स, ह महाप्राण होते हैं।

20.(3) 'य, र, ल, व' अन्त:स्थ वर्ण हैं। इनका उच्चारण न तो पूर्ण स्वर की तरह होता है और न ही पूर्ण व्यंजन की तरह होता है; अत: इन्हें 'अर्द्धस्वर' भी कहते हैं।

21.(2) 'म' का उच्चारण स्थान ओष्ठ है तथा यह स्पर्श व्यंजन है।

22.(3) प्रत्येक वर्ग का पहला एवं दूसरा व्यंजन, श्, ष्, स् एवं विसर्ग (:) अघोष वर्ण हैं। अत: 'क, त, प' अघोष वर्ण हैं।

23.(1) जिन वर्णों का उच्चारण स्थान तालु होता है, उन्हें तालव्य वर्ण कहते हैं। इ, ज, श का उच्चारण स्थान तालु होने के कारण ये वर्ण तालव्य हैं।

Bookbazi.in

24.(1) उ, ऊ ओष्ठ्य स्वर हैं तथा प, फ, ब, भ, म, य, श ओष्ठ्य व्यंजन हैं।

25.(3) जिन व्यंजनों का उच्चारण करते समय मुख अवयवों के परस्पर निकट आ जाने से वायु-मार्ग संकीर्ण हो जाता है तथा हवा घर्षण करती हुई बाहर निकलती है, उन्हें संघर्षी व्यंजन कहते हैं। श्, ष्, स्, ह् संघर्षी व्यंजन हैं।

26.(3) ज् + ञ = ज्ञ

27.(4) 'ई' संयुक्त स्वर न होकर दीर्घ स्वर है जो 'इ+इ' के योग से बना है।

28.(4) प्रत्येक वर्ग का दूसरा एवं चौथा वर्ण महाप्राण होता है तथा श्, ष्, स्, ह् महाप्राण होते हैं।

29.(3) 'श' का उच्चारण स्थान तालु है, जबकि त, थ, स का उच्चारण स्थान दंत हैं।

30.(1) हिन्दी में ध्वनियाँ दो प्रकार की होती हैं- स्वर एवं व्यंजन। स्वर वे हैं, जो स्वयं बिना किसी अन्य की सहायता से उच्चारित हो सकते हैं। व्यंजन वे हैं, जिनका उच्चारण स्वरों की सहायता से होता है।

31.(1) मात्रा के आधार पर स्वर दो प्रकार के होते हैं- ह्रस्व स्वर (अ, इ, उ, ऋ) एवं दीर्घ स्वर (आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ)।

32.(2) जिह्वा के आधार पर स्वर तीन प्रकार के होते हैं- अग्र स्वर (इ, ए, ई, ए, ऐ), मध्य स्वर (अ) और पश्च स्वर (उ, ऊ, ओ, औ, आ)।

33.(2) हिन्दी में य, र, ल, व अन्त:स्थ व्यंजन हैं।

34.(2) त, थ, द, ध, न का उच्चारण स्थान दंत होने के कारण ये दंत्य कहलाते हैं।

35.(1) हिन्दी में 4 संयुक्त व्यंजन हैं- श्र, क्ष, त्र, ज्ञ।
श्र = श् + र् + अ। क्ष = क् + ष् + अ।
त्र = त् + र् + अ। ज्ञ = ज् + ञ् + अ।

36.(2) जिन वर्णों के उच्चारण में साँस की मात्रा कम लगानी पड़ती है, उन्हें अल्पप्राण कहते हैं। प्रत्येक वर्ग का पहला, तीसरा, पाँचवाँ व्यंजन अल्पप्राण होता है। जैसे- क, ग, ङ, च, ज, ञ आदि। क, ख, ग में 'ख' महाप्राण है।
त, थ, न में 'थ' महाप्राण है।
ट, ठ, ण में 'ठ' महाप्राण है।

37.(4) 'य्', 'र्', 'ल्' एवं 'व्' अंत:स्थ व्यंजन हैं। अंत:स्थ व्यंजनों के उच्चारण में प्राणवायु को थोड़ा रोककर कम शक्ति के साथ छोड़ा जाता है।

38.(1) जिन व्यंजनों के उच्चारण में स्वरतंत्रियों में कंपन नहीं होता, उन्हें अघोष व्यंजन कहते हैं। हिन्दी में 13 व्यंजन अघोष हैं- क्, ख्, च्, छ्, ट्, ठ्, त्, थ्, प्, फ् तथा श्, ष् एवं स्।

39.(2) त्र = त्+र, हिन्दी भाषा में मूलतः चार संयुक्त व्यंजन हैं- क्ष, ज्ञ, त्र एवं श्र।

40.(2) जिन व्यंजनों के उच्चारण में स्वर तंत्रियों में कंपन्न उत्पन्न होता है वे सघोष (या घोष) व्यंजन कहलाते हैं। हिन्दी में 20 व्यंजन सघोष माने गये हैं, जो हैं- ग्, घ्, ङ्, ज्, झ्, ञ्, ड्, ढ्, ण्, द्, ध्, न्, ब्, भ्, म्, य्, र्, ल्, व् एवं ह्।

41.(2) हिन्दी में 'य्', 'र्', 'ल्' एवं 'व्' अंत:स्थ व्यंजन हैं। इनका उच्चारण जीभ, तालु, दाँत एवं ओष्ठ के परस्पर पास आने से होता है।

42.(2) 'न' व्यंजन 'त' वर्ग का पाँचवाँ व्यंजन है जो नासिक्य ध्वनि है तथा जिसके उच्चारण में जीभ ऊपर के मसूड़े (वर्त्स्य) को स्पर्श करती है। अत: यह 'नासिक्य एवं वर्त्स्य' वर्ण है।

43.(3) श्+ऋ = शृ होता है।

44.(3) 'च' वर्ग के सभी व्यंजन (च्, छ्, ज्, झ् एवं ञ्) तथा इ, ई, य् एवं श् तालव्य ध्वनियाँ हैं।

45.(2) प्लुत स्वर में तीन मात्राएँ होती हैं जिसका प्रयोग हिन्दी में बहुत कम (नहीं के बराबर) होता है। इसका चिह्न 'ऊँ' है।

46.(1) हिन्दी में 'इ, ई, उ, ऊ' संवृत स्वर हैं।

47.(2) जिन वर्णों के उच्चारण में स्वर तंत्रियों में कंपन (नाद) उत्पन्न नहीं होता उन्हें अघोष व्यंजन कहते हैं। अघोष व्यंजन हैं-क्, ख्, च्, छ्, ट्, ठ्, त्, थ्, प्, फ्, श्, ष् एवं स्।

49.(4) 'ऋ' हिन्दी के 11 मूल स्वरों में से एक है।

50.(1) र्+उ = रु। र् + ऊ = रू।

ज्ञान अनन्त ™



Bookbazi.in